प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 133/2025)

तत्काल जारी करने हेतु

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने वाणिज्यिक संचार में दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए एसएमएस सामग्री टेम्पलेट्स में वेरिएबल्स के पूर्व-टैगिंग को अनिवार्य करने संबंधी निर्देश जारी किये।

नई दिल्ली, 18 नवंबर, 2025: भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने सभी एक्सेस प्रोवाइडर्स को एक निर्देश जारी किया है, जिसके तहत वाणिज्यिक संचार के लिए उपयोग किए जाने वाले एसएमएस सामग्री टेम्पलेट्स में मौजूद सभी वेरिएबल घटकों का पूर्व-टैगिंग करना अनिवार्य होगा। वेरिएबल घटकों में सामान्यतः यू.आर.एल., एप डाउनलोड लिंक या कॉल-बैक नंबर जैसे तत्व शामिल होते हैं, जो प्राप्तकर्ता या समय के अनुसार बदल सकते हैं, जबकि संदेश का बाकी हिस्सा स्थिर रहता है।

नई व्यवस्था के तहत, एसएमएस भेजने वाले को टेम्पलेट पंजीकरण के समय प्रत्येक वेरिएबल फ़ील्ड को स्पष्ट रूप से टैग करना होगा, यानी यह बताना होगा कि वेरिएबल का उपयोग किस उद्देश्य से किया जाएगा। उदाहरण के लिए, किसी वेरिएबल को #url# के रूप में टैग करने का अर्थ है कि वह वेरिएबल एक यू.आर.एल. है। बिना पूर्व-टैगिंग के, एक्सेस प्रोवाइडर्स यह पहचान या जांच नहीं कर सकते कि डाली गई जानकारी व्हाइटलिस्टेड डोमेन, नंबर या लिंक से है या नहीं। इसलिए पूर्व-टैगिंग वेरिएबल फ़ील्ड्स की स्वचालित पहचान और स्क्रबिंग के लिए अत्यंत आवश्यक है।

कई अनचाहे वाणिज्यिक संचार की जांचों से यह प्रमाणित हुआ है कि पूर्व-निर्धारित टैगिंग की अनुपस्थिति का लगातार दुरुपयोग धोखाधड़ी और फ़िशिंग गतिविधियों के लिए किया गया है, जिससे अनरजिस्टर्ड या दुर्भावनापूर्ण यू.आर.एल., ऐप लिंक और कॉल-बैक नंबर बिना किसी पहचान के स्वीकृत टेम्पलेट्स में जोड़े जाते रहे हैं। यह निर्देश एंटी-स्पैम और एंटी-फ्रॉड ढांचे को और मजबूत करने के उद्देश्य से जारी किया गया है, ताकि

एसएमएस में मौजूद वेरिएबल फ़ील्ड्स की पूर्ण दृश्यता सुनिश्चित हो सके और एक्सेस प्रोवाइडर्स सख्ती से सामग्री स्क्रबिंग लागू कर सकें।

अनिवार्य पूर्व-टैगिंग लागू होने के साथ, अब इन वेरिएबल तत्वों को प्रमुख संस्थाओं (पी.ई.) द्वारा अग्रिम रूप से वर्गीकृत और पंजीकृत करना होगा, जिससे उनका पता लगाया जा सकेगा और वे जवाबदेह बन जाएंगे। यह उपाय पंजीकृत टेम्पलेट्स के दुरुपयोग को रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण नियामक हस्तक्षेप है, विशेष रूप से उन धोखेबाज़ों द्वारा, जो हानिकारक लिंक और कॉल-बैक नंबर डालकर अनजान उपयोगकर्ताओं को फंसाते हैं, जिसके परिणामस्वरूप अक्सर वित्तीय धोखाधड़ी, डेटा चोरी और साइबर हानि होती है।

एक्सेस प्रोवाइडर्स और प्रमुख संस्थाओं को मौजूदा टेम्पलेट्स में संशोधन 60 दिनों के भीतर पूरा करना होगा। इस अनुपालन अवधि के बाद, गैर-अनुपालक टेम्पलेट्स का उपयोग करके भेजे गए संदेशों को अस्वीकृत कर दिया जाएगा और वितरित नहीं किया जाएगा।

यह निर्देश दूरसंचार वाणिज्यिक संचार ग्राहक वरीयता विनियम (टीसीसीसीपीआर), 2018 के तहत उपलब्ध सुरक्षा उपायों को मजबूत करता है और अनधिकृत वाणिज्यिक संचार पर लगाम लगाने के लिए भादूविप्रा के ढांचे को और सक्षम बनाता है। यह सुनिश्चित करके कि वैरिएबिल फील्ड में वाणिज्यिक एस.एम.एस. को वितरण से पहले मान्य किया गया है, इस पहल से, सार्वजनिक सुरक्षा में वृद्धि होने और बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं, सरकारी और आवश्यक सेवाओं के संचार के लिए निर्भर डिजिटल संदेश चैनलों में विश्वास बहाल होने की उम्मीद है।

अतुल चौधरी

(अतुल कुमार चौधरी)
सचिव, भादूविप्रा